# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME (BDP)

## Term-End Examination

## December, 2021

## ELECTIVE COURSE : ECONOMICS

## BECE-214 : AGRICULTURAL DEVELOPMENT IN INDIA

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Answer the questions as per the instructions given for each section.*

## SECTION A

## (Long Answer Type Questions)

*Answer any **two** questions from this section in about 500 – 600 words each.* *2×20=40*

**1.** How does the food scarcity impact human capital formation ? Increasing agricultural development would need additional R and D efforts to sustain the growth of both agriculture and industry. Why ?

2. What were the two basic motives behind the collection of land revenue from the agricultural class by the British ? What was the approach adopted for the realisation of these objectives ? What were the basic units of revenue assessment under the Zamindari and the Mahalwari systems ? As compared to these two systems, under the Ryotwari system, what were the basic rights conferred on the 'Ryot tiller' ?

3. What are the major planks of tenancy reforms ? State the circumstances under which permitting of 'termination of tenancy' was sought to be allowed. What factors contributed to poor performance of the implementation of ceiling on 'land holding laws' ?

4. State the different connotations of 'market' and the various functions of an agricultural market in its modern context. What are the special characteristics of agricultural marketing which distinguish it from other markets ? What is AGMARKNET ? How is it beneficial to farmers ?

## SECTION B
### (Medium Answer Type Questions)

*Answer any* ***four*** *questions from this section in about 250 words each.* *4×12=48*

**5.** What did Daniel Thorner mean when he termed the prevailing agrarian situation during the last years of British period as 'built-in-depressor' ? What was the net effect on the growth of Indian agriculture during 1900 – 1940 ?

**6.** What are the reasons advanced for the continued importance of agriculture even at the current juncture ? Explain.

**7.** What are the different areas in which focused efforts are needed in order to reap the maximum potential of 'emerging agriculture' ? Do you agree that 'diversification of agriculture' is an essential 'principle of optimal utilisation' ?

**8.** In what way is the use of biotechnology (BT) methods considered more beneficial ? Why is it that its adoption has still not taken off in India ?

**9.** Mention the four objectives of PDS. In what way is the PDS supposed to provide 'food security' to the poor ?

**10.** Do you think India would gain by agricultural trade if the WTO regulations are applied in a free and fair manner ? Why ?

## SECTION C
## (Short Answer Type Questions)

*Answer any* ***two*** *parts from this question in about 100 words each.* *2×6=12*

**11.** (a) Which type of soil is well suited for growing : (i) tea, coffee and rubber; and (ii) coconut and cashew nuts ? In which State(s) are these types of soils found ? Are saline/alkaline soils good for crop cultivation ?

(b) Mention the four factors which contribute to soil erosion. Indicate which of them are man-made.

(c) Besides rainfall, which other factors contribute to differences in cropping pattern over the different regions.

(d) Mention the problems relating to water resources.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बी.डी.पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2021

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : अर्थशास्त्र

## बी.ई.सी.ई.-214 : भारत में कृषिक विकास

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रत्येक भाग में दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

### भाग क
### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

*इस भाग से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 – 600 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *2×20=40*

**1.** खाद्य की कमी मानवीय पूँजी निर्माण को किस प्रकार प्रभावित करती है ? कृषिक विकास संवर्धन के लिए कृषि और उद्योग दोनों के संवर्धन में शोध और विकास प्रयासों की अधिक आवश्यकता होगी । क्यों ?

2. अंग्रेज़ों द्वारा कृषक वर्ग से भू-राजस्व संग्रह के दो मुख्य उद्देश्य क्या थे ? इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए क्या विधि अपनाई गई थी ? ज़मींदारी और महलवारी व्यवस्थाओं में राजस्व आकलन की मूल इकाइयाँ क्या थीं ? इन दो व्यवस्थाओं की तुलना में रैयतवारी व्यवस्था में 'काश्तकारों' को क्या मूल अधिकार दिए गए थे ?

3. काश्तकारी सुधारों के मुख्य मुद्दे क्या हैं ? वे परिस्थितियाँ बताइए जिनमें 'काश्तकारी समापन' की अनुमति देने की माँग की जा सकती थी । 'भू-धारण सीमा कानूनों' के घटिया प्रदर्शन में किन कारकों का योगदान रहा है ?

4. 'बाज़ार' की विभिन्न संकल्पनाएँ बताइए और समझाइए कि अपने आधुनिक परिवेश में कृषि बाज़ार के क्या कार्य हैं । अन्य बाज़ारों की तुलना में कृषि बाज़ार की कौन-सी विशिष्ट विशेषताएँ इसे एक पृथक् स्वरूप प्रदान करती हैं ? AGMARKNET क्या है ? यह किस प्रकार किसानों के लिए लाभप्रद है ?

## भाग ख
## (मध्यम उत्तरीय प्रश्न)

*इस भाग से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *4×12=48*

5. जब डेनियल थॉर्नर ने ब्रिटिश काल के अंतिम वर्षों की कृषिक अवस्था को 'अंतर्निहित मन्दीकारक' बताया तो उनका क्या अभिप्राय था ? अवधि 1900 – 1940 के दौरान भारतीय कृषि की संवृद्धि पर निवल प्रभाव क्या रहा ?

6. वर्तमान समय बिन्दु पर भी कृषि का महत्त्व बने रहने के क्या कारण बताए जाते हैं ? व्याख्या कीजिए ।

7. 'उदीप्यमान कृषि' की संभावनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए किन विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित कर प्रयास करने की ज़रूरत है ? क्या आप सहमत होंगे कि 'कृषिक विविधता' इष्टतम उपयोग का एक अनिवार्य सिद्धांत है ?

8. जैव-प्रौद्योगिकीय विधियों का प्रयोग करना किस प्रकार अधिक लाभकारी समझा जाता है ? क्या कारण है कि भारत में इनका प्रयोग अभी भी अधिक प्रचलित नहीं हो पाया है ?

9. सार्वजनिक वितरण प्रणाली के चार उद्देश्य बताइए । किस रूप में सार्वजनिक वितरण प्रणाली ग़रीब वर्ग को 'खाद्य सुरक्षा' सुलभ कराती है ?

10. क्या आपका विचार है कि स्वतंत्र एवं न्यायपूर्ण विधि से विश्व व्यापार संगठन के विनियमों का क्रियान्वयन होने पर भारत को कृषि व्यापार में लाभ होगा ? क्यों ?

## भाग ग

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

*इस प्रश्न से किन्हीं **दो** भागों के उत्तर लगभग 100 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए ।* *2×6=12*

**11.** (क) इनके उत्पादन के लिए किस प्रकार की मृदा उपयोगी रहती है : (i) चाय, कॉफी और रबड़; और (ii) नारियल एवं काजू ? किन राज्यों में इस प्रकार की मृदा पायी जाती हैं ? क्या लवणीय/क्षारीय मृदा फ़सलों के लिए अच्छी होती हैं ?

(ख) मृदा क्षरण में योगदान करने वाले चार कारक बताइए । यह भी बताइए कि इनमें कौन-से मानव-निर्मित हैं ।

(ग) विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा के अतिरिक्त अन्य कौन-से कारक फ़सलों के प्रतिरूप में भिन्नता पैदा करते हैं ?

(घ) जल संसाधनों विषयक समस्याएँ बताइए ।